# बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड

Bihar State Power Transmission Company Limited
(निबंधित कार्यालयः–विद्युत भवन, बेली रोड, पटना)
**(Regd. Office: Vidyut Bhawan, Bailey Road, Patna)**
CIN-U74110BR2012SGC018889
Website:www.bsptcl.bih.inc.in
**DEPARTMENT OF HR & ADMINISTRATION**

पत्रांक– पटना, दिनांक....................................../

**T-IV/Misc./Claim-1605/2016**

प्रेषक,

दीपक कुमार,
उप सचिव

सेवा में,

महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा),
बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना।
सभी महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता,
सभी संचरण जोन।

विषयः– **वेतन निर्धारण हेतु दिशा–निर्देश उपलब्ध कराने के सम्बंन्ध में।**

महाशय,

निदेशानुसार, उपरोक्त विषय के संदर्भ में कहना है कि BSPHCL एवं इसके अनुषंगी कंपनी में पदस्थापित कर्मियों को प्रोन्नति/ACP के स्वीकृति फलस्वरूप वेतन निर्धारण हेतु BSPHCL के संकल्प सं0–62 दिनांक–28.12.2017 एवं संकल्प सं0–91 दिनांक–24.02.2018, पूर्व से निर्गत है; जिसका मुख्य बिन्दु निम्नवत हैः–

1. संकल्प सं0.–62 दिनांक–28.12.2017 की कंडिका–12 में दिनांक–01.01.2016 को अथवा उसके पश्चात प्रोन्नति/ACP पर वेतन निर्धारण संबंधी दिशा–निर्देश निर्गत है, जिसके तहत मात्र **प्रोन्नति/ACP की देय तिथि से** वेतन निर्धारण का प्रावधान किया गया है। साथ ही, इस रीति से वेतन निर्धारण के पश्चात अगली वेतन वृद्धि उक्त संकल्प की कंडिका–10 के तहत देय होगी।

2. बिहार सरकार के संकल्प सं0–7448 दिनांक–05.10.2018, जो Ministry of Personal &Training के कार्यालय ज्ञापांक–13.02.2017 Estt.(Pay-I) दिनांक–27.07.2017 के अधार पर निर्गत है, को अंगीकृत करते हुए BSPHCL का संकल्प सं0–91 दिनांक–24.12.2018 निर्गत किया गया है, जिसमें दिनांक–01.01.2016 को अथवा पश्चातवर्ती तिथि में प्रोन्नति/ACP प्राप्त कर्मी के लिए निम्न रूप से विकल्प चयन का प्रावधान किया गया हैः–

i) प्रोन्नति /ACP की देय तिथि से, अथवा
ii) अगले वार्षिक वेतन वृद्धि की तिथि से।

उक्त संकल्प के आलोक में प्रोन्नति/ACP की देय तिथि से विकल्प का चयन करने पर कर्मी को BSPHCL के सकल्प सं0–62 दिनांक–28.12.2017 की कंडिका–12 के तहत वेतन निर्धारण एवं कंडिका–10 के तहत अगली वार्षिक वेतन वृद्धि देय होगी। " **अगले वार्षिक वेतन वृद्धि** " से विकल्प का चयन करने पर कर्मी को BSPHCL के संकल्प सं0–91 दिनांक–24.12.2018 की कंडिका–03 (ii) के तहत वेतन निर्धारण एवं कंडिका कंडिका–03(iii) के तहत अगली वार्षिक वेतन वृद्धि की तिथि निर्धारित की जायगी।

(कृ०पृ०उ०)

कालान्तर में इस कंपनी के द्वारा पत्रांक–2267 दिनांक–03.09.2024 निर्गत किया गया है, जिसमें होल्डिंग कंपनी के उपरोक्त दोनों संकल्पों में निहित निर्देशों से इतर प्रोन्नति / ACP / कार्यकारी प्रभार के उपरान्त अगली वार्षिक वेतन वृद्धि से विकल्प चयन करने वाले कर्मी को वेतन वृद्धि की तिथि, यथा–01 जनवरी अथवा 01 जूलाई को वेतन निर्धारण करते हुए अगली वार्षिक वेतन वृद्धि छःमाह का अर्हक अवधि पूर्ण करने के उपरांत 01 जूलाई अथवा 01 जनवरी **(01 जनवरी वाले को 01 जुलाई एवं 01 जुलाई वाले को 01 जनवरी अर्थात छः माह उपरांत)** को प्रदान किया जाना है।

अतः उक्त मामले की सम्यक रूप से समीक्षा की गई एवं समीक्षोपरांत पाया गया कि दिनांक–01.01.2016 को अथवा उसके पश्चातवर्ती तिथि में प्रोन्नति / ACP प्राप्त कर्मी को अगली वार्षिक वेतन वृद्धि की तिथि से विकल्प चयन के अधार पर वेतन निर्धारण करने हेतु **BSPHCL के स्तर से संकल्प सं0–91 दिनांक–24.12.2018 द्वारा स्पष्ट दिशा–निर्देश निर्गत है, फलतः सक्षम प्राधिकार द्वारा निम्न निर्णय संसूचित किया गया हैः–**

(i) इस कंपनी के पत्रांक–2267 दिनांक–03.09.2024 को भूतलक्षी प्रभाव अर्थात उक्त पत्र के निर्गम की तिथि, से रद्द किया जाता है।

(ii) होल्डिंग कंपनी से उक्त मामले पर यदि भविष्य में कोई आदेश निर्गत होता है, तो तदनुसार कार्रवाई की जायगी।

विश्वासभाजन,

ह० / –

**(दीपक कुमार)**
उप सचिव

ज्ञापांकः–                                   पटना, दिनांकः–

प्रतिलिपिः– महाप्रबंधक (मा०सं० / प्रशा०) / सभी उपमहाप्रबंधक (मा०सं० / प्रशा०) / प्रबंध निदेशक के विशेष कार्य पदाधिकारी (मा०सं० / प्रशा०) / सभी अवर सचिव / वरीय प्रबंधक (वित्त एवं लेखा) / सी०डी०बी०ए० / डी०बी०ए० / प्रशासी पदाधिकारी (ERP) / सभी लेखा पदाधिकारी / सभी प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. सी०डी०बी०ए० / डी०बी०ए० / से अनुरोध है कि इस पत्र की प्रति कंपनी के बेवसाईट पर अपलोड कराने की कृपा की जाय।

ह० / –

उप सचिव

ज्ञापांकः 2479                                   पटना, दिनांक 08.10.25

प्रतिलिपिः– सभी महाप्रबंधक–सह–मुख्य अभियंता, सभी संचरण जोन / सभी विद्युत अधीक्षण अभियंता / लेखा पदाधिकारी, सभी संचरण अंचल / सभी अधीक्षण अभियंता (असैनिक) / सभी लेखा पदाधिकारी / सभी संचरण असैनिक अंचल / कार्यपालक अभियंता सभी संचरण प्रमंडल / कार्यपालक अभियंता (असैनिक), सभी संचरण असैनिक प्रमंडल, बिहार स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

8.10.25
उप सचिव

08-10-25